लिए क्या करेंगे ? पिछली कुछ सरकारों ने किसानों के लिए कर्ज देने की बातें घोषित की थी । उस समय बैकों के अफसरों ने, समाज के दूसरे वर्ग के लोगो ने किसानों के खिलाफ ऊट-पटांग बातें बोली थी । सब्सिडीज के खिलाफ जो मल्टी नेशनल कम्पनियां, बहुराष्ट्रीय कम्पनियां हमारे देश में आ रही हैं या हमारे मालिक लोग जो हमको कर्जा देते है विदेशी लोग, वह कहते हैं कि आप सब्सिडीज वाला सिलसिला बन्द कर दें । लेकिन यह सब्सिडी का सिलसिला दिया क्यों जाता है? सब्सिडी की जरूरत क्यों पड़ा करती है? समाज में जो कोई भी आदमी कमजोर होता है उसको खास मदद दी जाती है । बाजार में जो कोई पैदावार कमजोर होगी उसको खास मदददी जाती है वरन् वह बाजार में टिक नहीं सकती है । लोहे के मुकाबले में गेहूं टिक नहीं सकता, कागज के मुकाबले में टमाटर टिक नहीं सकता है । टमाटर बोने वाले को, गेहूं बोने वाले को अगर खास मदद दी जाती है तो यह सिद्धांत सामाजिक न्याय का कहलाता है । समाज के दलितों, पिछड़ों को मंडल कमीशन के जरिये अगर ज्यादा जगह दी जाती है तो इसलिए कि सामाजिक न्याय कहलाता है । उसी तरह से आर्थिक सामाजिक न्याय होता है उसमें जो कमजोर चीज होगी उसे ज्यादा मदद देनी पड़ेगी । जो मजबूत चीज पैदा होती है मजबूत चीज और कमजोर चीज अगर नाटक है तो यह जितने बड़े कारखाने लोगों ने खोले हैं इनमें 80 प्रतिशत, 75 प्रतिशत बैंक के कर्जे से खोले हैं । कहते है 25 प्रतिशत अपनी पूंजी लगाई है। लगाई है या नहीं लगाई है, इस पर बहस हो सकती है । 15-20 साल के बाद वह सारा कर्ज वापिस कर देते हैं और करोड़ों के मालिक बन जाते हैं चाहे वह बिड़ला परिवार हो या टाटा परिवार हो या कोई और परिवार हो। किसान अगर कर्ज लेता है, 10 हजार, 20 हजार का ट्रेक्टर, खाद या बीज खरीदता है तो 20 साल तक वह दे नहीं पाता । उसके बैल कुर्क हो गये, घर उजड़ गया, ट्रेक्टर बिक गया, उठा लिया गया क्योंकि वह किश्त नहीं दे पाता है । इसका कारण यह है कि किसान जो पैदा कर रहा है उसका दाम उसको नहीं मिल रहा है । जो सामान वह खरीदने जा रहा है उसके खरीदने की उसकी हैसियत नहीं है । गांव का जो बाजार लगता है उन बाजारों में कपड़ा नहीं बिका करता है । बढ़िया किस्म का अगर कोई टेरीकोट का खरीदना चाहे और अपनी बीबी के लिए गार्डन साड़ी ले जा करके दुकानदारर गला दे तो 20 साल तक भी दुकान पर वह गार्डन साड़ी रह जाएगी, कोई किसान नहीं खरीद पाएगा । वह मारकीन का कपड़ा ही अपने परिवार के लिए खरीदता है । दवा नहीं खरीद पाएगा । होम्योपैथ की दवा लेगा । अस्पताल में जाकर कहता है कि हमारा बच्चा बीमार है । इसके लिए अनन्त राम जी कह रहे थे कि उनकी दवा के लिए इस कृषि नीति में अलग से इंतजाम किया जाए । वह आपकी दवाई लेगा कहां से । कितनी महंगी दवाइयां हैं, इसका हिसाब नहीं । गांव के बाजार उजड़ रहे हैं । गांव पर आधारित जितने बाजार हैं, उजड़ रहे हैं क्योकि किसान की परचेंसिग कैपेसिटी नहीं है जिसको कहते हैं खरीददारी की ताकत । उसकी जेब में पैसा ही नहीं है । खरीदेगा कहां से । बाजार उदास रहते हैं । तो बाजार में बसने वाले गोगों से भी हम कहते हैं कि अगर गुलजार बनान चाहते हो तो इसका दाम तो वाजिब लगाओ । हम नहीं कहते कि जिस हिसाब से लोहे का दाम बढ़ाने के लिए टाटा अपनी मर्जी से डिक्टेशन देता है, किसान का डिक्टेशन भी आप सुनें । लेकिन क्या वह लगातार घाटे में ही चलेगा । आज तक खेती से जो कोई भी पैदावार हुई है उसका दाम लगातार घाटे पर तय हुआ है । उसकी मेहनत, मजूरी, पूंजी सब छोड़ देगे । होटल चलाने वाले, कारखाने चलाने वाले किय तरह से मुनाफा कमाया करते हैं । एक रुपए के सामान को कभी-कभी दस रुपए में वे बाजार में बेचा करते हैं, कभी-कभी तो सौ सैकड़े और दो सौ सैकड़े में । मुनाफाखोरी की यह प्रवृत्ति है और इस प्रवृत्ति के रहते किसान को मुक्त नहीं कराय जा सकता है । तब उसको खास किस्म की राहत देनी पडेगी । दुनियां उंगली उठाएगी, लोग कहेंगे कि यह देश उजड़ जाएगा । उजड़ जाने देना होगा । वह कोई पार्लियामेंट का मेम्बर नहीं है लेकिन एक साधु है जय गुरूदेव, अभी उसने एक मेला किया था । उस मेले मे उसने लिखा था कि किसानों को जो कर्जा दिया जाता है उस कर्ज का सूद उससे न लिया जाए । कभी-कभी साधु फकीर किस्म के लोग अच्छी-अच्छी बातें कहते हैं । मुझकों बड़ा अच्छा लगा । हम लोग कहते हैं कि छोटे किसानों का कर्ज माफ कर दीजिए । किसी जमाने में हम लोगों के नेता डा. लोहिया हमको पढ़ाया करते थे कि जिस खेती में कोई लाभ नहीं है उस पर लगान नहीं लगना चाहिए । वे कहते थे कि इन्कम टैक्स में एक खास सीमा है, वहां तक अगर आदमी की आमदनी होती है तो माना जाता है कि खा-खर्च करके कुछ बचता नहीं है । इसलिए टैक्स नहीं लगता है । कल्याण्कारी राज्य का यह नियम है । उसके ऊपर आमदनी होती है तब टैक्स लगता है । वैसे ही अगर किसान के पास दो चार एकड़ भूमि पर कोई मुनाफा नहीं है, जिंदगी भर कमाई करने के बाद परिवार के साथ तो उस पर लगान लगाने के कोई मायने नहीं होते हैं । वैसे ही उसका जो उत्पादन है वह बाजार के

उत्पादन का मुकाबला नहीं करता । तो उसको ज्यादा सहूलियतें देनी पड़ेगी । क्या-क्या सहूलियतें दी जा सकती है इसके लिए बलराम जाखड़ जी कभी भी बैठेंगे, सदन में यह बहस नहीं हो सकती । कर्ज की माफी और सूद की माफी भी हो सकती है तथा और भी विशेष सहायताएं हो सकती है । देश में जो खेती की जमीन है उसमें आज भी दो तिहाई जमीन ऐसी है जो भगवान को देखती रहती है । इसी तरह से एक तिहाई जमीन पर केवल सिंचाई का इंतजाम है। दो तिहाई जमीन केवल आसमान देखती रहती है। आजकल मानसून नहीं आया है। उत्तर प्रदेश और बिहार के लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। आएगा 1.5 दिनों के बाद । इस पर अगर बहस छिडेगी तो कोई कहेगा, अभी क्यों सूखे के लिए चिल्ला रहे हो। कोई मंत्री बोल देगा । लेकिन यह सच है कि हिन्दुस्तान का किसान अब भी प्रकृति पर मुनहसिर करता है और युगों-युगों तक करता रहेगा क्योंकि यहां की प्रकृति खूबसूरत है । इसलिए मुनहसिर करता है। किसी इलाके में बाढ़ आती है, किसी इलाके में पानी बरसता है। वह प्रकृति से खेलता है लेकिन उसके चेहरे पर उदासी है । कृषि मंत्रालय योजना आयोग से, वित्त मंत्रालय से सम्पर्क करके क्या कोई ऐसी योजना बना सकता है कि इस देश में सम्पूर्ण सिंचाई का इंतजाम हो जाए जितनी जमीन खेती के लायक है सबकी सिंचाई का इंतजाम हो जाए या यह केवल सपने की बात यह जाएगी। अगर यह कृषि अगर फसल सूख जाती है तब आप कहते हैं कि आसमान से इस साल पानी नहीं बरसा, मौनसून समय से नहीं आया, इन्द्र भगवान नाराज है। फसल बढ़िया तो नरसिंह राव की वाहवाही और फसल सूख जाए तो इन्द्र राव की निंदा। ये दोनों बातें एक साथ है। जिम्मेवारी दोनों लेनी पडेगी। सरकार के मायने नरसिंह राव की ही सरकार नहीं, और आपकी ही सरकार नहीं है , सरकार के मायने नीति इस तरह की किसी योजना की चर्चा नहीं करती है तो हम मानकर चलेंगे कि गांव का किसान केवल सपने देखता रहेगा कि उसके खेत में भी उसके मनचाहे समय पर कभी पानी मिलेगा। दूसरी बात उपसभाध्यक्ष जी जो मैं अर्ज करना चाहता हूं वह है कि बहुत सी जमीन है जो खेती लायक होने के बावजूद भी खेती के लिए उपयोगी नहीं हो पा रही है। उसमें क्षारण आ गया। वह ऊपर है । यह मिट्टी के रोग हुआ करते हैं। जैसे हमारे शरीर में रोग होता है तो खुजली हो जाती है, अपरस हो जाता है। वैसी ही कुछ मिट्टी के रोग हुआ करते हैं। उसको ठीक किया जा सकता है।

खास रकम के साथ एक लाख, दो लाख, डेढ़ लाख, 50 हजार, यह नलकूप सिंचाई, यह पाइराइट्स, यह जिप्सम तुमको खरीदने के लिए पैसा दिया जा रहा है। पांच साल मेहनत करके इस जमीन को खेती लायक बनाओ । क्या इसमें इस तरह की कोई भूमि सेना वाली योजना नहीं जोड़ी जा सकती थी? लेकिन ये बातें लगता है कि खेती दुनिया में हमेशा से उपेक्षित रही है । अब भी उपेक्षित है । किसान को अपनी बात कहनी नहीं आती । यह कारखाने का मजदूर अगर उसको पेट भर पगार न मिले तो वह गेट पर आकर हल्ला मचा सकता है। दफ्तर के बाबू अगर इनका पेट न भरे तो महंगाई बढ़ाने के लिए आंदोलन कर सकते हैं । इन वेज रिविजन के लिए वेज बोर्ड बैठाया जा सकता है । लेकिन किसान अपने दाम के रिवीजन के लिए कभी आपके यहां प्रार्थना करने नहीं आता, मंत्री जी, इसलिए उसकी हालत दिन पर दिन बदतर होती जा रही है। यह राहत उसको खैरात नहीं दी जा रही है। ....(**व्यवधान**)... यह एक सूबे की नक्शे पर कई सूबे हैं, जिन सूबों में दो या तीन जिलों के बराबर होता है। मैं देश भर की बात कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि उसे ज्यादा रियायत दी जाए और यह रियायत कभी यह मत मान कर चलना कि किसान भिखमंगा है इसलिए मांग रहा है। किसान यह रियायत आपसे मांग रहा है जाखड़ साहब, क्योंकि वह सारे हिन्दुस्तान को रोटी खिलाता है और अपने पसीने से रोटी खिलाता है। अगर फसल बढ़िया हो जाती है तब मंत्री जी आप और आपकी सरकार कहती है कि देखो, हमारी सरकार कितनी सफल सरकार है कि फसल बढ़िया हो गई। अगर फसल सूख जाती है तब आप कहते हैं कि आसमान से इस साल पानी नहीं बरसा, मौनसून समय से नहीं आया, इन्द्र भगवान नाराज है। फसल बढ़िया तो नरसिंह राव की वाहवाही और फसल सूख जाए तो इन्द्र राव की निंदा। ये दोनों बातें एक साथ है। जिम्मेवारी दोनों लेनी पडेगी। सरकार के मायने नरसिंह राव की ही सरकार नहीं, और आपकी ही सरकार नहीं है , सरकार के मायने जो कोई यहां बैठा है मैं उसकी तरफ कह रहा हूं। यह तो नाम ले लिया, गलती हो गई। जो कोई बैठा होगा, हम बैठे होंगे हम अपने को भी उसमें ले रहे हैं, आपके पहले वाले लोग बैठे होंगे उनको भी लें। अब पहले वाले लोग तो गजब के लोग थे। पहले-पहल कुर्सी पर बैठे थे। नई आजादी मिली थी। खाद्यान्न की कमी हो गई तो 15 अगस्त का भाषण हुआ था। हम बच्चे थे और हमने सुना था। गल्ले की कमी है। घर में गमले में खेती करो। छत की मुंडेरों पर खेती करो।

इसके अलावा हम गद्दी पर बैठने वालों ने देश की कृषि व्यवस्था को आज तक कुछ भी नहीं दिया है । मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि गमले की खेती से और छत की मुडेर की खेती से हिन्दुस्तान के अभागे आदमी का पेट नहीं भरा जा सकता और न किसान को ही राहत दिलायी जा सकती है और न खेती की समस्या हल की जा सकती है । अब नए सिरे से खेती पर जो दुनिया के बाजार में हम दस्तक करने जा रहे हैं, हमारी खेती पर जो नया दबाव पड़ने जा रहा है वह ज्यादा खतरनाक हो जाएगा । खेती गुलाम हो जाएगी । बहुत सी चीजें पेटेंट हो जायेगी । खेती के मायने केवल यह नहीं होते कि हम गेहूं पैदा करते हैं, चावल पैदा करते हैं या हम चना पैदा करते हैं या मटर पैदा करते हैं , असल चीज यह है कि हम उसमें रिसर्ज कितनी करते हैं। हमारी बौद्धिक संपदा आज खतरनाक मोड़ पर जा करके फंस गई है । पूसा इन्स्टीट्यूट में खेती के लोग हैं । उनसे भी हमने बहस किया । हमने कहा कि अब तुमको रिसर्च करने की क्या प्रेरणा रहेगी ? क्योंकि तुम से बढ़िया-बढ़िया किस्म के वह शंकर बीज लेकर आ रहे हैं । कार्गिल कंपनी आकर बैठ गयी है, तुम कहां से उस का मुकाबला कर लोगे तनख्वाह पा कर । ते ये अजीब किस्म के खतरे आ रहे हैं । हमारी खेती गुलाम होने वाली है और गुलाम खेती की कृषि नीति और उस का दस्तावेज यह नहीं हो सकता । फिर तो मनमोहन सिंह जी ने, प्रधान मंत्री जी से आप को राय लेनी पड़ेगी और अगर वह बाधा डालते हैं तोउन से मुक्ति लेकर आप स्वतंत्र कृषि नीति लेकर जब जाओगे तो मेरा जैसा आदमी आप का समर्थन करेगा ।

इन्हीं शब्दों के साथ उपसभाध्यक्ष जी, किसानों का जो दर्द है, मैं चाहूंगा कि वर्तमान सरकार या जो भी सरकार में आता है, वह उसे समझने की कोशिश करे । उस किसान का दर्द, उस का पसीना, पसीने की कमाई का सही दाम उसे नहीं मिल रहा है , अगर वह इस सब को महसूस कर सके, उसका एहसास कर सके तो जैसे कल —कारखाने में जो लोग पैदावार करते हैं और उनको मुनाफा मिल सकता है, प्रयास कर के किसी तरह से भी उनके लिए भी वह हो जाये, सब्सिडी देकर दिय जाए, उन को प्रोटेक्शन देकर दिया जाय - किसी भी तरह से उन को मुनाफे लायक दाम मिल सके ताकि वह बाजार के लोगों के मुकाबले में आकर खड़ा हो सके धन्यवाद ।

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): After hearing the hon. Member, I am reminded of a poem which I composed before Independence.

"शोंते शरीरे भाला भोके, पोषहीन लहुने थारे, तोए हडले खेते जाए, रे खेडुते कोने काजे । तड़के भड़के, खातर कड़के, पग एना अंगोर दाजे, तोए हडले खेते जाए, रे खेड़ते कोने काजे । वर्षा मिंजवी सर्दी आने, ताड़ियों भादखे पीड़े, तोए हडले खेते जाए, रे खेडते कोने काजे । सरकार ने साहकार काजें ।"

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : बहुत-बहुत धन्यवाद । श्री भूपेन्द्र सिंह मान । आप लोग समय का ध्यान रखें इतना ही मेरा निवेदन है क्योंकि भाषण बहुत अच्छे हो रहे हैं और मैं बीच में टोकूंगा नहीं इसलिए आप स्वंय नियंत्रण रखे तो ज्यादा अच्छा रहेगा ।

श्री भूपेन्द्र सिंह मान (पंजाब) **:** सभापति जी, बहुत सालों के बाद, आजादी की आधी सदी के करीब बीत जाने के बाद अब कृषि नीति लाने की जरूरत महसूस हुई है । मुझे लगता है कि दूध का जला, छाछ भी फूंक —फूंक कर पीता है । महोदय, हम ने 50 साल उन महारथियों के नेतृत्व में गुजारे हैं जो देश के महान नेता कहलाते थे , मुझे लगता है कि उन को कभी इस बात की जरूरत महसूस नहीं हुई कि हमें कृषि नीति भी चाहिए । मुझे लगता है कि इन सालों में इस सिस्टम के अंतर्गत कृषि नीति के बिना कृषि का कच्चा माल लेकर कारखानों को बढ़ाने के लिए उन की नीति थी । अब लिबरलाइजेशन की बात आ रही है , खुलेपन की बात आ रही है, किसानों को इस सिस्टम ने जो बंधुआ बनाकर रखा था, उससे छुडाने की बात आ रही है, तो इस सिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए कृषि नीति के तौर पर इसी बात को चालू रखा जा रहा है, ऐसी चिंता मुझे नजर आ रही है ।

महोदय, किसान को देश की रीढ़ की हड्डी कहा गया है, किसान को अन्नदाता कहा गया है , लेकिन यहां मुझे एक पंजाबी कवि की कही बात याद आती है जिसका मैं हिन्दी अनुवाद सुनाना चाहूंगा क्योंकि पंजाबी में मेरे मित्र समझ नहीं पाएंगे । उस कवि ने कहा था कि —

"राजे से भिखारी ठीक, खैर तेरी मनाते हैं अंदर
से पर सच्ची पूछें तेरा कोई यार नहीं,
तेरी ही बोटियों पर चलते हैं सभी, कोई तरस खाने वाले तेरे पर तैयार नहीं"।

तो आज इतने सालों बाद भी हमारे लिए वहीं नीति चल रही है । आज नोबल ऑक्युपेशन का शब्द देकर या सेंटर टू ऑल स्ट्रेटेजी का शब्द देकर मुझे लगता है कि ऐसे ही सलाह ना देने की बात कही गयी है । इससे

ज्यादा मुझे और कुछ नजर नहीं आता है । इस नीति में 17 चेलेन्जेज का उल्लेख किया गया है, इनमें खेती की पैदावार को बढ़ाना ताकि काफी अनाज उपलब्ध हो, जमीन की घट रही शक्ति को ठीक करना ताकि खेती लाभ का धंधा बन सके, अंडर एंपलायमेंट, अनएंडफ्लायमेंट को दूर करना और वेल्यू एडीशन को बढ़ाना ।इनके बारे में इसमें उल्लेख है ।

महोदय, इसमें कोपरेटिव को डेमोक्रेटाइज करने की बात कही गई है । जो मैं देख रहा हूं , कानूनी तौर पर आज भी कोपरेटिव डेमोक्रेटिक इंस्टीट्यूशन है । कोपरेटिव का कानून है , लेकिन उसको ठीक ढंग से चलने नहीं दिया गया । आज इतने सालों के बाद हमें यह जरूरत महसूस हो रही है कि हमको कोपरेटिव को ठीक तरह से चलाना है और इसलिए इसको डेमोक्रेटाइज करना चाहिए । यह तो टेढ़ देने की दिशा इसमें नजर आती है ।

एग्रीकल्वर में रिसर्च की बात है, तो साइंटिफिक रिसर्च की हमें जरूरत है और यह हमेशा बढ़ती रही है, यह पहले से बढती है । बाहर दूसरे मूल्कों से हम साइंटिफिक रिसर्च के लिए अपने आदमी भेजते रहे हैं । अच्छे सांइटिट हमारे पास हैं । हमें उन पर फख्र है । उस साइंटिफिक रिसर्च को कैसे हमें बढ़ाना चाहिए, कैसे उसको किसान तक पहुंचाना है इसके बारे में विचार जरूरी है । अगर उस रिसर्च में किसान का अपना इंटरेस्ट नहीं है तो वह उसे ले नहीं पाएगा । इसी तरह एरीगेशन का, एग्रो फारेस्टरी का, कंजरेशन का है ।

महोदय, इन 17 चेलेन्जेज में सबसे लास्ट में है । करेक्टिंग द टर्मस आफ ट्रेड । मैं समझता हूं कि यह टर्मस आफ ट्रेड आज तक ठीक नहीं कर सके हैं । मिसाल के तौर पर पंजाब में 1984 में किसानों ने राजभवन का सात दिन के लिए पीसफुली घेराव किया था । उसके परिणामस्वरूप एक जोहन कमेटी बनी थी । एस. एस. जोहन, जो एक रिनाउण्ड साइंटिस्ट थे, अर्थ विज्ञानी थे, उनकी अध्यक्षता में यह कमेटी बनी । उन्होंने उस कमेटी मैं यह कमेटी बनी । उन्होंने उस कमेटी मैं यह माना कि टर्मस आफ ट्रेड किसान के फेवर में नहीं है , एडवर्स चल रही है । उस वक्त की उनकी रिपोर्ट के अनुसार एक ट्रेक्टर जो 166 क्विटंल गेहूं के बराबर था, वही ट्रेक्टर आज 628 क्विंटल गेहूं के बराबर है अर्थात, 166 क्विटल गेहूं जहां एक ट्रेक्टर खरीदता था, वहीं जबकि गेहूं के ऊपर खर्चा बढ़ा है, डीजल का खर्चा बढ़ा है, बिजली का खर्चा बढ़ा है , दवाइयों का खर्चा बढ़ा है और सभी लेबर कंपोनेंट बढ़ गए हैं, लेकिन वही ट्रेक्टर खरीदने के लिए 628 क्विंटल गेहूं देना पडता है । ऐसे ही 100 लीटर डीजल सन् 1966-67 में 92 किलो गेहूं देकर आता था, आज वही डीजल 200 किलो गेहूं देकर खरीदना पड़ता है । ऐसे ही छोटी बात लें, तो माचिस की एक डिबिया जो उस समय 50 ग्राम गेहूं से आती थी आज वही 140 ग्राम से आती है । तो यह जो टर्मस आफ ट्रेड है, यह किसान एडवर्सली एफेक्टर कर रहा है । इस बात को देखते हुए मुझे एक शेर याद आता है-

एक चाक हो तो सी लूं यां रब गरेवां अपना ।

जालिम ने फाड़ डाला है तार तार करके ॥

मैडम, देखने में तो एट दे फेस आफ इट यह खेती नीति अच्छी लगती है क्योंकि कोई खेती की बात करे तो हमें अच्छी लगती है, लेकिन मैं देखने की बात नहीं करता, मैं तो मन की बात देखना चाहता हूं । एट द फेस आफ इट की जगह एट द माइंड आफ इट होना चाहिए । मुझे लगता है, मुझे डर है कि मैं इसका समर्थन नहीं कर पाऊंगा क्योंकि इसके ऊपर मुझे अंदेशे हैं, जो मैं व्यक्त कर रहा हूं । अभी वही नीति जो पहले गेहूं के कम भाव दूसरी फसलों के मुकाबले में देने की थी, उसी को मानकर आगे बढ़ने के हिसाब से ही इसमें जो उल्लेख किए गए हैं वे इतने वेग हैं, क्लीअर नहीं किए गए हैं और उसममें यह लगता है कि किसान इतने सालों से जो इससे पीडित हैं, वह उससे आगे लाभ भी नहीं उठा सकेगा क्योंकि किसान की एग्रीकल्वर प्रोडक्शन को, इंडस्ट्री का रॉ-मेटीरियल जो बनाता है, या इंडस्ट्री की लेबर के लिए जो रॉ-मेटीरियल बनाता है, उसको कच्चा माल सस्ता देने की नीति, चाहे यहां कुछ मित्र कई बार यह कहते हैं कि किसान जो ढाई एकड़, एक एकड़, दो एकड में जो रात-दिन मेहनत करके अपनी कमाई करता है, फिर भी उसको पूरा नहीं पडता, उसको कुलक का नाम देने की भी कई बार, इंडस्ट्रियल हाउसिस की नुमाइंदगी करने वाले लोग, कोशिश करते हैं । लेकिन हमें इस दिशा में यह देखना होगा कि उतनी देर तक, जितनी देर तक खेती में केपिटल जनरेशन खेत के मालिक के हाथ में नहीं जाएगी, उतनी देर तक वह खेती की पैदावार को आगे बढ़ा नहीं पाएगा । इसलिए आज तक यह महसूस किया जाता रहा है कि गांव खेती की उपज पैदा करता है – गेहूं पैदा करता है, धान पैदा करता है या और खेती की फसलें पैदा करता है, लेकिन मैं समझता हूं कि एक गांच में कुछ खाद, कुछ बिजली, कुछ दवाई , कुछ ट्रैक्टर, कुछ फसल, ये जाकर वहां रख दें तो इससे कुछ खेती या फसल पैदा होने वाली नहीं है। यह सारा कुछ तो गांव के बाहर का है । तो गांव ने उसमें क्या डाला, यह तो सारा बाहर का है? अगर एक

यूनिट ले लिया जाए तो यह एक फॉरेन है, उसका। तो गांव ने जो उसमें पैदा किया वह है उसकी तकनीक, पुश्त-दर –पुश्त चली आ रही उसकी तजुर्बेकारी, उसकी मेहनत, उसके हाथ पर चढ़ी चंडियां, उसने वह मेहनत डालकर जो पैदा किया, अगर उसकी कीमत अच्छी तहर से, ठीक ढंग से न गिनी जाए तो उसके हाथ में केपिटल नहीं जा सकेगा जिसका परिणाम अभी प्राप्त हुआ। यह बहुत सीरियल डिस्क्लोजर हुआ जब "गाट" का साइन करने के लिए भारत सरकार ने जिनेवा में यह डाक्यूमेंट पेश किया, मैं समझता हूं बहुत शर्म की बात है देश के लिए, कि किसान की 17 फसलों के लिए जो यह कहा जाता है कि हम उनको रिपोर्ट प्राइस देते हैं, वहां माना गया कि सपोर्ट प्राइस की जगह हम निगेटिव प्रोटेक्शन दे रहे हैं और वह निगेटिव प्रोटेक्शन भी 17 फसलों पर 24 हजार करोड़ का। तो इस दिशा में अगर हम देखें तो यह निगेटिव प्रोटेक्शन जो माना, वह उन दिनों में माना जब खेती में लाभप्रद कही जाने वाली फसलों के दाम देने की बात चल रही है और उसी बात को आगे बढ़ाने के लिए इस नीति में कहा गया है कि यही नीति फसलों के दाम लाभप्रद दिए जाने के लिए अच्छी तरह से लागू की जाएगी। क्या यही अच्छी तरह से लागू होने वाली बात है जो निगेटिव प्रोटेक्शन के हिसाब से चल रही है? जैसे एक मिसाल बहुत घिनौनी सामने आती है कपास की। सरकार ने माना दुनिया की सभा में, दुनिया की पंचायत में, जहां 118 मुल्कों की पंचायत बैठी थी, वहां हमारी सरकार ने माना कि कपास यहां का किसान जो पैदा करता है, अगर उसको हम मंडी में बेचने देते तो वह 17,570 रुपए की बिकती लेकिन उसी कपास को हमने मिनियम सपोर्ट प्राइस का नाम देकर उसके ऊपर ऐहसान किया और उस कपास को उसे 5,333 रुपए में बेचने के लिए मजबूर किया। एक टन कपास के 12,000 रुपए दबाकर रख लेना, रोक कर रख लेना, अगर इसी बात को रिमूनरेटिव प्राइसिस देने की बात कहना है तो मुझे इससे डर लगता है। अगर इसी तरह रिम्यूनरेटिव प्राइम देने की बात कहनी है तो मुझे इससे डर लगता है कि यह खेती नीति हमें कुछ देने के बजाय आगे कुछ नुकसान करेगी और इसमें देश का भी नुकसान होगा। इसलिए जो यहां कहा जाता है कि इनको सब्सडी है, सरकार जब अंदर बैठती है तो उसको पता है कि हम सब्सडी नहीं दे रहे हैं। सब्सिडी का प्रचार टी.वी. पर होता है, रेडियो पर होता है तथा डिपार्टमेंट भी करते हैं। लेकिन वास्तव सब्सिडी की बात यह खुले तौर पर नंगी हो गई कि जब यह माना गया कि सब्सिडी की जगह निगेटिव प्रोटक्शन है और यह इतनी ज्यादा निगेटिव है कि बर्दास्त नहीं की जा सकती। तो इसलिए अगर किसान को जब इस समय बाकी सारी चीजें लिबरेट की जा रही है तो मुझे इस बात की कोई तुक नजर नहीं आती कि किसान को लेटेस्ट टैक्रोलोजी एडोप्ट करने के ऊपर क्यों रोक लगाई जाए? अगर किसी को मलेरिया बुखार हो गया तो यह कहने वाला कौन होता है कि आपको कुनेन के बजाय तुलसी का पत्ता ही लेना पड़ेगा। अगर उसकी जेब में पैसा है तथा डाक्टर कुनेन की सलाह देता है तो उसको कुनेन लेने की इजाजत होनी चाहिए। अगर किसान यह चाहता है कि उसने गन्ना पैदा किया है तथा वह खुद उसकी चीनी बनाना चाहता है तो उसको क्यों मजबूर किया जाए कि चह कच्चे बर्तन में, ओपन पेन में ही इसको कर सकता है। क्लोज्ड पेन जो लेटेस्ट टैक्रोलोजी है जो वैक्यूम पेन सिस्टम है वह उससे नहीं कर सकता है। बात तो सिर्फ इतनी है और इससे कितना-कितना घोटाला सामने आता है। अभी कई जगह देखने में आया कि कुछ शुगर मिले इधर-उधर ट्रांसफर हुई। कितने-कितने में लाइसेंस बिकते हैं। अभी वोहरा कमैटी की रिपोर्ट आई है। इसी सारी लूट-खसोट का यह सारा धंधा चल रहा है। इसलिए मैं चाहूंगा कि किसान को जब लिबरेट करने की बात आती है तो क्यों हर एक को पसीना आ जाता है और किसान को कहते हैं कि लिबरेट नहीं होना। अगर सब्सिडी गन्ना मिलों को दी जाती है तो जिनेवा में जो रिपोर्ट दी गई, उसमें माना है कि यह मिलों की इनएफिशिएंसी को जाती है, बिजली बोर्ड को अगर सब्सिडी जाती है उसकी इनएफिशिएंसी को जाती है। खाद के कारखानों का अगर सब्सिडी जाती है तो किसान का नाम बताकर वह सब्सिडी उसकी इनएफिशिएंसी को जाती है। तो उनकी एफिशिएंसी को हम कितनी देर तक सहन कर पाएंगे? तो मुझे लगता है कि सब्सडी देना किसी मगरमच्छ के आंसू की तरह न हो और ऐसा न हो कि :

"हमदर्दी में यह जान भी लेकर चलते हैं,

इन जालिम हमदर्दो से जान छुड़ाना सहज नहीं।"

कैपिटल फार्मेशन जो गांवों में पैदा होती है उसमें असल लेबर कम्पोनेट है। एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राईस कमीशन उसके टर्म्स आफ ट्रेड जो इस वक्त यह है कि वह किसान का हक देखने के बजाय किसान की कास्ट आफ प्रोडक्शन देखने के बजाय कुछ और बातें हैं जिसको वह देखने की बात करेगा। मैं समझता हूं अगर फसल की कीमत तय करनी है तो कास्ट आफ प्रोडक्शन में होनी चाहिए और वह मिनिमम होनी चाहिए और उसके आगे अगर वह बेच सके तो बेचे। यह नहीं कि फसल ज्यादा हो गई तो कहते हैं कि जहां उसकी मरजी है वह उसको

बेचले और अगर फसल कम हो गई तो सरकार ने रोकना शुरू कर दिया कि हमको तो पूरी लेनी ही लेनी है। तो यह सिस्टम जो हर वक्त किसान के विरोध में है, बंद होना चाहिए। कोआपरेटिव, जो इको नोमिकली वायबल है, उनको ठीक करने की बात इसमें कही गई है। मैं समझता हूं कि कुछ किसानों ने, कुछ शेयर्स होल्डर्स ने एक सोसायटी बनाई और वह काम करते हैं। अगर वह वायबल हो तो खुद चलेंगे ही चलेगे। तो इसमें आज तक जो होता रहा है, सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को इसमें हस्तक्षेप होता रहा है। तो इसमें सिर्फ यह कहा जाए कि किसी सरकारी कर्मचारी को कोआपरेटिव में हस्तक्षेप नहीं करने दिया जाएगा तो मेरा ख्याल है कि इससे मसला हल हो सकता है। ऐसे ही जो किसी को बढ़िया कानून बना कर देने होते हैं किसान के लिए हम बहुत अच्छा करेंगे, उसके लिए अगर हम यही कह दें कि किसान के रास्ते की रुकावटें खड़ी करनी बंद कर देंगे तो मैं समझता हूं कि खेती नीति में एकमात्र यही कह दें तो इसमें सारा कुछ आ जाता है। आज तक किसान के संबंध में जो कुछ किया गया, वह किसान के रास्ते में रुकावटें खड़ी करके, उसको रास्तें में ठिप्पी लगा कर, उसको गिरा कर, उसको मजदूर करके ही वह कम दाम पर बेचे और उसके हाथ में पैसा नहीं आने दे ताकि इसके हाथ में अगर पैसा आएगा तो वह खुद कहीं दो दिन के लिए स्टोर न कर सके। तो यह प्रोडक्शन रोकने वाली बात है। देश के हित में प्रोडक्शन बढ़ना होता है, देश के हित में प्रोडक्शन रोकना नहीं होता है। जो पैदा करने वाले हैं अगर उसकी पैदावार बढ़ाने की शक्ति बढ़ाएंगे तो देश आगे बढ़ सकता है। तो आज तक जॉन कमेटी रिपोर्ट में जो कैपिटल हमारा कम होता रहा, उसके बारे में भी इसमें कहा गया कि सन् 1970-71 में जो रीयल टर्म्स ऑफ ट्रेड, गेहूं की कीमत में पंद्रह रुपए उसकी मेहनत के उसके हाथ में आते थे और रीयल टर्म्स में 1983-84 में सिर्फ दो रुपए उसके हाथ में आने लगे उसकी मेहनत के और 1994-95 में अगर इस तरह से चलें तो पता नहीं किया होगा? तो मैं आखिर में यह कहना चाहूंगा कि यहां दिल्ली की मंडी में, जैसे सब्जी मंडियों का हाल है, खास तौर से मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि दिल्ली की मंडी में इस वक्त जो किसान आता है, उसका बहुत बुरी तरह से गला काटा जाता है। कितने, पांच परसेंट या उससे भी ज्यादा तो कमीशन की बात होती है, दुनिया में ऐसा कहां है? इस तरह से फिर हाथ अंदर रख कर बोली करना, बहुत बुरी तरह से लूटपाट की जाती है।

खेती मंत्रालय का किसान की पैदा की हुई चीज पर मंडी में कट्रोल नहीं है। कई बार हमने मंत्री जी को कहा कि मंडी में कुछ करो, वे कुछ कर नहीं पा रहे हैं क्योंकि कंट्रोल उनके हाथ में नहीं है। पानी का कहते हैं कि उनके हाथ में कंट्रोल नहीं है, बिजली का कहते हैं कि उनके हाथ में कंट्रोल नहीं है, बिजली का कहते हैं कि उनके हाथ में नहीं है। जो और खाद है, उनके हाथ में नहीं है, मशीनरी उनके हाथ में नहीं है। आज भी दुनिया की मंडी में यहां के जो कारखानेदार हैं, उनका हमें क्या ब्यौरा है अगर वे हमें लूटते हैं तो ? अगर उनको कंपीटिशन करने के लिए अच्छा माल देने की मजबूरी खड़ी हो तो मैं समझता हूं कि यह सारा कुछ इस मंत्रालय में आना चाहिए।

आखिर में, यह जो सुपरफाइन और ये जो वैराइटीज की कई बार बात होती है, जैसे पूसा 44 है, वह सुपरफाइन मानी जाती रही लेकिन ......

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : माननीय सदस्य समाप्त करें।

श्री भूपेन्द्र सिंह मान : पिछले साल किसानों की उसमें बहुत लूटपाट हुई, वह नहीं मानी गई। ऐसी चीजें आगे नहीं होनी चाहिए, ये बंद होनी चाहिए। इसी बात को खत्म करते हुए मैं ये ड्रिप इरिगेशन ग्रीन हाउसेज, ये सारा कुछ अच्छा है, किसान को वायेबल होना चाहिए। अगर उसको लाभप्रद होगा तो ही वह ले सकेगा। लैंड सीलिंग में आखिर में मैं बहुत शॉर्ट में कह रहा हूं सर।

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : सरदार जी, देखिए समय को देखिए। मंत्री जी को जवाब देना है। चार बजे दूसरा आइटम आना है।

श्री भूपेन्द्र सिंह मान : एक से भी कम मिनट में समाप्त कर दूंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : मैंने आपको डबल टाइम दे दिया है।

श्री भूपेन्द्र सिंह मान : लैंड सीलिंग किसान के ऊपर है। जब इंडस्ट्री के ऊपर कोई सीलिंग नहीं है तो किसान के काम करने के ऊपर यह जो सीलिंग है, वह किसान के साथ अन्याय है और देश के साथ भी धोखा है, यह बंद होना चाहिए। तो इन्हीं शब्दों के साथ आखिर में मैं आपका धन्यवाद करते हुए आप सभी का धन्यवाद करता हूं।

श्री एस. एस. सुरजेवाला (हरियाणा) **:** उपसभाध्यक्षता महोदय......

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : आप बोल सकते हैं लेकिन मैं क्या करूं ? सुरजेवाला जी, मैं चाहता

हूं पर मैं क्या करूं, बताइए। या तो मंत्री जी कल जवाब दें क्योंकि चार बजे दूसरा आइटम लेना पडेगा। अब मैं जनेश्वर मिश्र जी को कैसे रोकता, सरदार जी को कैसे राकता? पांच मिनट का टाइम है और बीस-बीस, पच्चीस-पच्चीस मिनट बोले हैं। वह अच्छी बात है।

श्री जनेश्वर मिश्र : हम तो बहुत कम बोले सर।

उपसभाध्यक्ष (श्री सतीश अग्रवाल) : अच्छे और रूचिकर भाषण थे, ज्ञानवर्दक थे, मैं भी रोकना नहीं चाहता था। अब क्या करूं, बताइए। आपका समय तो, वैसे ही आपकी पार्टी का समय समाप्त हो गया। अब आप बोलेंगे तो दो मिनट में तो बोला नहीं जाता कुछ भी। अब श्री जयन्त राय जी रह गए हैं, उस समय नहीं थे। आप जरा पांच मिनट में समाप्त कर देंगे। मैं आपका आभारी रहूंगा।

SHRI JOYANTA ROY (West Bengal): Hon. Vice-Chairman Sir the day before yesterday, the hon. Minister of Agriculture at the time of moving this Resolution, said that agriculture was a State subject that naturally the States should make appropriate efforts to develop agriculture and that the Government of India would only supplement the efforts of the State Governments. I will cite just a single instance so that everybody will know what he means by Central supplement.

Sir, in 1959, in a small area of the district of Darjeeling of West Bengal the Central Agriculture Department imposed a ban on movement of table and seed potatoes of West Bengal to other States. After that 35 years have passed but that ban has not been revoked. This is Central supplement! You cannot imagine mat nowadays West Bengal is producing more than 15 lakh tonnes of potatoes. We have got only 30 lakh tonnes of storage capacity. Because of this ban order we are unable to export our potatoes to other States. In 1993 our Chief Minister asked the Prime Minister in a meeting to lift this ban. The PM subsequently assured our Chief Minister that it would be done very shortly. Two years have passed but till date that ban has not been revoked. This is the actual position of Central assistance or Central supplement etc.

As regards this Resolution. I strongly oppose this Resolution because it is a profit—and export-oriented Resolution. It does not benefit the poor people of our country. Until and unless we mobilise our entire resources for land reforms for our poor people and until and unless we make an irrigation and power network throughout the country no benefit can reach the poor people who are living below the poverty-line.

Sir in this Resolution there is no provision for price-protection to the poor peasantry.

In the name of credit facilities our Minister has proposed enactment of further co-operative laws to remove the State control over co-operative societies. This is very unfortunate.

Though some proposals have been made in this Resolution about development of marketing infrastructure in the country no provision has been made in this Resolution for soil conservation and comprehensive crop insurance taking village as the unit. So, I would request the Minister of Agriculture, through you, that these points should be included in this Resolution so that it can help the poor peasantry and poor cultivators of our country. That is all.

श्री नरेश यादव (बिहार) **:** आप से एक निवेदन है कि दूसरे पृष्ठ पर पांचवीं लाइन में बागवानी और डेरी आदि के बाद "मखाना" शब्द जोड़ दीजिए जो पानी के नीचे होता है।

कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका बहुत धन्यवाद है। धन्यवाद हमारे माननीय सदस्यों का भी है जिन्होंने इसमें भाग लिया। कल से नहीं परसों से हम इस पर बहस कर रहे हैं। मैं चाहता था, मेरी इच्छा थी कि मेरे साथी जो इस पर बोले यहां पर उपस्थित रहते। माननीय सदस्य जो बोले हैं उनमें से आधे ही नजर आ रहे हैं, मैं जवाब किस को दूं।

श्री जनेश्वर मिश्र : वह रिकार्ड में जायेगा।

i **श्री बलराम जाखड़ :** मैं चाहता था, मेरी इच्छा थी कि अच्छा होता अगर वे यहां उपस्थित होते। सवाल यह पैदा होता है कि जो पालिसी बनाई गई है। वह प्रगति के लिए, भलाई के लिए बनाई गई है। मैंने सारे सदन के सामने विनती की थी कि यह कोई मेरी पालिसी नहीं है, यह किसी एक पार्टी की पालिसी नहीं है। किसान के हित में यह बनाई गई है और इसमें जो भी सुधार आप करना चाहते हैं मुझे वह मान्य है। मैं अपने लिये नहीं कर रहा हूं, न इसमें मेरा कोई मतभेद हैं, न इससे मेरा कोई इगों है। में सर्वज्ञाता तो हूं नहीं और न कोई होता है। त्रुटि हरेक मे होती है। एक इच्छा थी कि मैं कुछ करने की चेष्टा करूं जिससे भला हो सके। मैं चाहता हूं सारा काम अच्छी तरह से हो इस हिसाब से मैंने यह आपके सामने रखा था। जितनी भी बातें हमारे माननीय सदस्यों ने रखी हैं उनकों मैंने नोट किया है। जो उत्तम बातें है। मैं उसमें एड भी कर दूंगा। लेकिन मुझे खेद है कि हमारा कुछ निराशात्मक दृष्टिकोण हो गया है, पता नहीं क्यों। जायसवाल जी का मैं बहुत आदर करता हूं लेकिन आपने निराशा पैदा कर दी। अगर मैं आगे नहीं चलूंगा, यहां से कलकत्ता के लिए प्रस्थान नहीं करूंगा तो कलकत्ता कैसे पहुंचूंगा।

श्रीमती मीरा दास (उड़ीसा) **:** समय बहुत कम है।

श्री बलराम जाखड़ : आप इसमें सहायता देंगे तो हम आगे बढेंगे। मैं जानता हूं कि मेरे पास कोई अलादीन का चिराग तो हैं नहीं, किसी के पास नहीं है जो पांच मिनट में सब कुछ कर दूं। अगर ऐसा होता तो ये सब बाते पहले ही हो जाती। मेरे मन में बहुत इच्छा है मैं कुछ कर सकूं। मुझे कर्मठ आदमियों की जरूरत है, मुझे भूमि सेना की आवश्यकता है लेकिन इसके लिए बहुत कुछ जुटाना होगा। आगे बढ़ना होगा। यह कार्य आरम्भ करेंगे तभी आगे बढ़ सकेंगे। निराशा की कोई बात नहीं है। मैं आशवादी हूं। जो हम करना चाहते हैं वह किसान के हित के लिए हैं। उसी हिसाब से हम आगे बढ़ना चाहते हैं। मिश्र जी आपने एक बात कही थी। आपके दिल में जो पीड़ा है मैं भी आपकी जगह खड़े होकर बोलता तो मैं भी यही कहता और यही कहता रहा। लेकिन एक बात मैं आपको कहना चाहता हूं कि मैंने हाथ से खेती की है, मैं डुबा रहा पसीने में। मैंने मिट्टी में सोना बनाया है। मैंने दिखाया है खेती कैसे हो सकती है, उसमें कैसे रखा जा सकता है। यह मिट्टी हमारी मां है। मैंने उस हिसाब से समझा है। जब आपने कहा कृषि मंत्री बलराम जाखड़ सफारी सूट पहन कर बैठे हैं तो क्या एक किसान का बेटा किसानों को यह नहीं दिखा सकता कि वह भी कफछ कर सकता है। अकेले नहीं सब को पहनाना चाहता हूं। यह मेरे दिमाग में है। एक दिन वी.पी. सिंह साहब ने कहा था कृषि मंत्री सूट पहन कर बैठा है। मैंने कहा राजा महाराजाओं की अचकने तो किसी को अखरती नहीं है लेकिन किसान के बेटे का सूट अखरता है। मेरे तन-बदन में आग लग जाती है जब मैं ऐसी बात सुनता हूं। मैं किसी मजदूर और किसान में फर्क नहीं समझता हूं। किसान भी मेहनत करता है और मजदूर भी मेहनत का काम करता है। वह भी किसान है। मैं जनेश्वर मिश्र जी से कहना चाहता हूं इसलिए मैंने कभी अपना पेट नहीं बढ़ने दिया। मैंने काम किया है। कर्मठता से काम किया है। मैं आपको साबित कर सकता हूं कि मैंने कैसे काम किया है। मैंने कीर्तिमान स्थापित किये हैं और मैं चाहता हूं कि किसान के हित में कीर्तिमान स्थापित करूं। आज का किसान जाग उठा है आगे जाने के लिए। मिस्टर रायचन्द्र राव जी ने एक बात कही थी, वह बात भी मुझे अखरी। आपने कहा था कि डिसीट कर रहे है। मैं किसान के साथ डिसीट करूंगा ? इससे पहले मैं मर नहीं जाऊंगा। किसान के साथ हम डिसीट करें – यह कहां की बुद्धि है कि मैं किसान के साथ धोखा करूं ? सवाल ही पैदा नहीं होता है। मैं हमेशा किसान के हित की बात करता हूं। किसान के लिए लड़ सकता हूं। मैंने पार्लियामेंट में कहा था। आपने कहा था डब्ल्यू.टी.ओ. में आप नुकसान करेंगे। मैं भगवान की कसम खाता हूं मैं उस हाथ को तोड़ दूं जो किसान के हित के खिलाफ दस्तखत करे। मुझे इस बात की परवाह नहीं, मैं भगवान से लड़ सकता हूं लेकिन किसान के हित की बात नहीं छोड़ सकता। मैं किसान को किसी भी बात से मजदूर नहीं होने देना चाहता हूं। मैं चाहता हूं किसान सशक्त रहे। किसान ने जो पैदा किया है इसी पर लिब्रलाइजेशन और ग्लोबलाइजेंशन टिकी हुई है, सरकार मनमोहन सिंह जी ने जो पालिसी चलाई है। किसान ने पैदा किया है। मैं गवर्नमेंट की बात नहीं करता हूं, मैं किसान की बात कहना चाहता हूं, जिसने मान ऊंचा किया है। उसके लिए मैं करना चाहता हूं। मैं चाहता था कि आज तक ....(**व्यवधान**)...

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): There arc kisans and kisans. There arc very rich kisans and there are very pour kisans. *(Inieniipiions).Thcrc* arc kisans with many tractors; there arc kisans with huff allies: and there arc

kisans with no *land....(Interruptions).* Look at all the kisans together.

श्री बलराम जाखड़ : किसान किसान है । (**व्यवधान**) आप समझते नहीं है इस बात को किसान किसान है । मजदूर भी किसान है (**व्यवधान**) आप तो दकियानूसी बात कर रहे हैं (**व्यवधान**) आपको पता नहीं है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Please do not interrupt, Mr. Biplab. *(Interruptions).* Order, please. *(Interruptions).* Mr. Biplab, Mr. Jiboy Roy, please sit down. Mr. Pachouri, please take your scat. *(Interruptions).*

श्री बलराम जाखड़ : मैं तो प्रगति चाहता हूं (**व्यवधान**) आपने सत्यानाश कर दिया (**व्यवधान**) यों तो अपना देश है इसको तो बचने दो (**व्यवधान**) अपने देश को बचा कर रखो, (**व्यवधान**)

DR. BIPLAB DASGUPTA: You don't speak for all the kisans. You speak for one section of kisans. *(Interruptions).*

SHRI BALRAM JAKHAR: It is a misstatement. I speak for all the kisans. *(Interruptions).* You are mistaken.

SHRI BHUPINDER SINGH MANN: Mr. Dasgupta, you speak for industrial labour only. *(Interruptions).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Mr. Dasgupta, please sit down.

SHRI BALRAM JAKHAR: You do not know the labour. *(Interruptions).* I speak for every kisan whomsoever. *(Interruptions).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Mr. Dasgupta, can we carry on every discussion like this? Let him reply, please.

DR. BIPLAB DASGUPTA: Why this big talk? *(Interruptions).*

श्री बलराम जाखड़ : इनको किसानी की परिभाषा पता ही नहीं है । (**व्यवधान**) जिन लोगों को पता ही नहीं है कि किसानी किस चिड़िया का नाम है वह हमें क्या बताएंगे? (**व्यवधान**) हमने किसानी हाथ हमें क्या बताएंगे? (**व्यवधान**) हमने किसानी हाथ से की है । खेत में हल चलाया है । हम नक्शा बदल देंगे चाहे कोई भी अड़चन पैदा हो । (**व्यवधान**)

श्री नरेश यादव : आप छोटे किसानों के बारे में भी बात करो । (**व्यवधान**)

श्री बलराम जाखड़ : बिल्कुल सब बात करेंगे (**व्यवधान**) हम छोटे किसान की बात करेंगे छोटे जोतदार की बात करेंगे (**व्यवधान**) खेत में काम करने वाले किसान की बात करेंगे । लेबर की बात करेंगे (**व्यवधान**) दोनों की बात करेंगे (**व्यवधान**) आपको गलतफहमी होगी (**व्यवधान**) दोनों की बात करेंगे (**व्यवधान**) आपको गलतफहमी होगी (**व्यवधान**) हम अपनी बात कहेंगे । (**व्यवधान**) हम अपनी बात हट कर कहेंगे । हम किसी से दब कर नहीं कहना है (**व्यवधान**) अब तक नहीं दबे, आगे भी नहीं दबने वाले नहीं हैं (**व्यवधान**) आप लोगों ने जितनी भी सार्थक बातें कहीं है, उनको मैं डाल रहा हूं । कोई चिंता की आवश्यकता नहीं है । जैसे कि रणबीर सिंह जी ने कहा (**व्यवधान**) रणबीर सिंह जी ने सारा विस्तारपूर्वक बताया कि क्या-क्या कमियां हैं । मुझे पता है । इसीलिए तो पालिसी बना रहा हूं । रणबीर सिंह जी ने अपनी बातें कहीं है । मैं उन कमियों को जानता हूं । उनको दूर करना चाहता हूं और इसमें आपकी सहायता चाहता हूं । आपका समर्थन चाहता हूं । आपका सहयोग और उसके साथ लेकर मार्गदर्शन चाहता हूं । सिकन्दर बख्त जी, मैं आपसे भी पूछना चाहता हूं । चाहे खेती करें या न करें लेकिन हमदर्दी तो है । तो करेंगे इस चीज ... (**व्यवधान**) इनको लेकर करना चाहते हैं ।

हां, एक बात आपने कही थी । मैं आपकी बात ठीक मानता हूं कि पल्सेज में अभी कमी है । लेकिन उसी के लिए तो पालिसी बना रहे हैं कि पल्सेज की कमी हुई है । आपने गिनती नहीं की । हम कहां से कहां पहुंच गए हैं । उस दिन मैंने शुरू किया था । उस दिन भी मैंने कहा था कि हमने अपनी गिनती नहीं की है । सिर्फ पल्सेज की गिनती या उसकी नाप तौल कर ली है । हमने कितना किया है । 8 मिलियन से 10 मिलियन और इस वक्त साढ़े 14 मिलियन तक हम पहुंचे हैं । इस साल 15.5 मिलियन का हमारा लक्ष्य है । लेकिन इसमें कमी है और उस कमी को मान लेना ही अच्छी बात होती है । उसको दूर करने का प्रयत्न हमारा धर्म बनता है । उसको हम करना चाहते हैं । मैं सोयाबीन से भी दाल बनाने की चेष्टा कर रहा हूं । वह दाल बनेगी । उसकी मशीनरी हमारे पास आ गयी है । वह पौष्टिक भी होगी ।

सोयाबीन का ढांचा इतना बढ़िया बन गया है कि इस समय मध्य प्रदेश में मेरे ख्याल से पिछले साल के 47-48 लाख टन से भी ज्यादा इसकी उपज होगी। वह हम इसमें डालने की कोशिश करेंगे ....(**व्यवधान**)

जो बाहर भेजने की बात किसी ने कही थी ... (**व्यवधान**) एक बात किसी और हमारे साथी ने कही थी कि आपने दाल बाहर भेज दी, एक्सपोर्ट कर दी, यहां कमी है। मैंने पता किया है। ऐसी बात नहीं है। मैंने आंकड़े पता किए हैं। 10 हजार टन हमने बाहर भेजी। अपने एन.आर.आई. जो हमारे हिन्दुस्तानी भाई है जो हमारी दाल खाना पसंद करते हैं उनके लिए स्पेशल एलोकेशन है और दूसरी जो बाहर 58 हजार टन गयी है यह वह दाल है जो बाहर से मंगायी गयी, उसको प्रोसेस किया गया और फिर परमिशन से बाहर भेजी गयी जिससे उसका रूपांतरण किया जा सके। अपनी दाल कोई बाहर नहीं भेजी गयी हैं। इसका मैंने पता किया है। मैं इसमें भी करना चाहता हूं कि हम कुछ करें जैसे तेल का है। हमने टेकिकल मशीनरी बनायी है। उसका उत्पादन भी बढ़ा है। 12 से 22 मिलियन हुआ है। आज हम आत्मनिर्भर हैं। हमने उसी हिसाब से रखा है कि कोई होर्डर आकर हमें खराब न करें। इस वजह से हमने उसको कर रखा है। बाकी नीति उसको दबाकर रखने की नहीं है।.... (**व्यवधान**)

श्री जनेश्वर मिश्र : हमने कहा कि किसान जब दाल पैदा करते हैं तो 8-9 रुपए किलो बिकती और वही बाजार में 40-50 रुपए किलो है। इसको कंट्रोल करें जिससे कि किसान को भी कुछ मिले।

X**श्री बलराम जाखड़ :** मैं बताता हूं। मैं अभी उस पर आ रहा हूं। इसलिए मैं यह बंदोबस्त करना चाहता हूं यह जो लोगों ने स्टोरेज की बात कही, ट्रेड करने की बात कही। मैं आपको एक बात बताता हूं कि एग्रीकल्चर कास्ट एण्ड प्राइस कमीशन जैसे भी करे आप उसमें संशोधन रखिए मैं उसमें वे दो बातें और डाल दूंगा जो इसमें कमी रह गयी है। मैं मिनिमम सपोर्ट प्राइस के बारे में आपको बता देना चाहता हूं कि मिनिमम सपोर्ट प्राइस तो वह है कि किसान डिस्ट्रेस में न बेचे जिससे कि उसको कोई एक्सप्लायट न कर सके। कम से कम जिस भाव में उत्पादन करता है उसको कम भाव न ले। इसलिए करते हैं। इसका मैं आपको सबूत दे सकता हूं। इसको आपके सामने बिल्कुल साबित किया जा सकता है कि अगर इस साल गेहूं की खरीद सरकार नहीं करती मिनिमम सपोर्ट

प्राइम में तो वह ढाई सौ रुपए में बिकता यह मेरे पास है। आज भी मैं बता सकता हूं... (**व्यवधान**)

डा. रणबीर सिंह (उत्तर प्रदेश) : ओपेन मास्केट में 400 रुपए में बिका है।

श्री बलराम जाखड़ : मेरी बात सुनिए। जहां पैदा होता है मैं वहां-वहां की बात बताता हूं।

डा. रणबीर सिंह : मेरे यहां तो पैदा होता है जाखड़जी।

श्री बलराम जाखड़ : आप मेरी बात सुनिए। मैं बताता हूं कहां की बात हो सकती है जहां गेहूं पैदा नहीं होता, कम होता है, वहां है। लेकिन जहान पैदा होता है अगर वहां होता तो क्यों हम गवर्नमेंट को कहें कि तुम खरीदो। हमने खुला छोड़ रखा है। जहां मर्ज़ीर है बेचो उसको। उस पर बंदिश नहीं लगायी है। आज सारे भारतवर्ष के हिसाब से मैंन खोल दिया है। जहां मर्जी है आप बेचें। उत्तर भारत से लेकर बंगाल में ले जाएं, आप तमिलनाडु में ले जाएं, आप जहां मर्जी है उसको ले जाएं, कोई आपको रोक नहीं है, किसी तरह की रोक नहीं है .... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (**श्री सतीश अग्रवाल**) : नो क्लैरीफिकेशंस।

रणबीर सिंह जी बैठ जाइए ....(**व्यवधान**)

आप उनको जवाब खत्म करने दीजिए। चार बजे दूसरा बिजिनेस है। वह भी आपकी परिमशन से 5-10 मिनट खिसकाना पडेगा। इसलिए वे खत्म कर लें। फिर हाउस होगा तो 5-7 मिनट में क्लैरीफिकेशन पूछ लें।

श्री बलराम जाखड़ : मैं आपको बता देना चाहता हूं ..... (**व्यवधान**)

DR. RANBIR SINGH: I can give you an example. *(Interruptions)*

SHRI JIBON ROY: Sir, I want to ask one clarification.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SATISH AGARWAL): Let him finish his reply.

श्री बलराम जाखड़ : मैं यह बताना चाहता हूं कि इसमें जो कुछ आप काम कहते हैं, इसमें जो और डालना हो वह मुझे बता दें मैं डाल दूंगा। हमने हयूमन लेबर डाल दिया इसमें। कैजुअल एण्ड फेमिली लेबर

or bullock labour, hired and owned, machine labour, hired and owned, material inputs, seed, fertilizer, manure, insecticides, irrigation charges, interest on working capital, miscellaneous artisans etc., rental value of owned land, rent paid for lease in land, land revenue, cesses and taxes, depreciation on implements and farm buildings, interest on fixed capitals, managerial inputs; अब इसके बाद भी कोई चीज बाकी रह जाती है तो वह मुझे बात दीजिए, मैं इसमें डाल दूंगा उसको भी उस अनुपात में हम डाल देंगे । *(Interruptions)...* That has already been done. That is extra. That has taken into consideration. You see what we have done. Cost of production, changes in input prices, input and output price parity, trends in market prices, demand and supply situation, inter-crop price parity, effect on industrial cost structure, effect of general price level, effect on cost of living, international market price situation, parity between prices paid and prices received by farmers, all these things are taken into consideration. अगर फिर भी कोई कमी रहती है तो वह मुझे बात दीजिएगा वह भी मैं इसमें डाल दूंगा। इसमें कोई बंदिश नहीं है। एक मिनट की भी देरी नहीं होगी । मैं कर देना चाहता हूं दूसरी बात जहां तक है मैंने वह देखा है । पानी का बंदोबस्त जहां तक था और आपने सायल इरोजन की जहां तक बात कही, इरीगेशन फैसिलिटीज की बात जहां तक की, मैं उसी के लिए करना चाहता हूं, क्योंकि हम कब तक वर्षा पर आधारित रहेंगे । इसलिए ड्रिप इरीगेशन स्प्रिंकलिंग का प्रचार कर रहा हूं। इसलिए मैं चाहता हूं कि जितने इंकंप्लीट हमारे प्रोजेक्टस हैं इनको पहले कंप्लीट किया जाए माइनर इरीगेशन से और जो हमारा वाटरशैड प्रोग्राम है, वाटर कंजर्वेशन प्रोग्राम, सब सायल री-चार्जिग का प्रोग्राम है उसके लिए ज्यादा पैसा हो। सोमपाल जी ने जैसे कहा था आधा पैसा 15 हजार करोड़ में दे दो तो भगवान की कृपा हो जाए। अगर आप सब की कृपा हो जाए, मैं चाहता हूं कि पृथ्वी पर अगर हम पानी का बंदोबस्त लें तो देश का सारा का सारा हमेशा के लिए कल्याण हो सकता है, कोई दिक्कत नहीं आ सकती।

डा. मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश) : 10 मिलियन हेक्टेयर इरीगेशन पोटेंशल अनयूटिलाइज्ड पड़ा है। पिछले पांच साल से लगातार पड़ा है और मैं हर बार बजट स्पीच में कहता हूं, लेकिन आप उसका उपयोग नहीं करेंगे।

श्री बलराम जाखड़ : मैं यही कह रहा हूं .... **(व्यवधान)**

SHRI V. NARAYANSAMY (PONDICHERRY): Forty per cent of the water goes to the sea.

